## खबर कोना

### खदान में लिफ्ट की चेन टूटने से 14 लोग फंसे

नारनौल, 14 मई (जनसत्ता)।

यहां समीपवर्ती राजस्थान के खेतड़ी में हिंदुस्तान कापर लिमिटेड की खदान में लिफ्ट की चेन टूटने से 14 लोगों के फंसने का समाचार है। इस लिफ्ट में खेतड़ी कापर कारपोरेशन के बड़े अधिकारी और कोलकाता सतर्कता विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के फंसे होने की जानकारी है। घटनास्थल पर आसपास के चिकित्सकों के दल और एंबुलेंस को बुलाया गया है। खेतड़ी कापर कारपोरेशन के अस्पताल में सभी प्रकार इंतजाम कर लिए गए हैं। समाचार लिखे जाने तक बचाव कार्य जारी था।

### खालिस्तानी नारे लिखने के तीन आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 14 मई (ब्यूरो)।

पंजाब के जिला बठिंडा और दिल्ली में खालिस्तान समर्थक नारे लिखने के आरोप में प्रतिबंधित संगठन 'सिख फार जस्टिस' (एसएफजे) के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि यह गिरफ्तारी बठिंडा के 'काउंटर-इंटेलिजेंस' प्रकोष्ठ द्वारा की गई। 'एक्स' पर यादव ने बताया, 'काउंटर-इंटेलिजेंस' प्रकोष्ठ व बठिंडा पुलिस ने बठिंडा, पंजाब व दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों पर खालिस्तानी नारे लिखने के आरोप में एसएफजे के तीन गुर्गों को गिरफ्तार किया है।

### किसानों ने परिवहन मंत्री का विरोध किया

अंबाला, 14 मई (जनसत्ता)।

अंबाला शहर से सटे गांव में किसानों ने मंगलवार अंबाला शहर से निर्वाचित विधायक एवं हरियाणा सरकार में परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। असीम गोयल भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के चुनाव प्रचार के लिए गांव मानकपुर पहुंचे थे जहां भारती किसान संघ 'शहीद भगत सिंह' के सदस्यों ने उन्हें घेर लिया और सवाल पूछने लगे। किसानों ने उनसे पूछा कि किसान आंदोलन के दौरान उनके पासपोर्ट रद्द करने व उनकी जमीनें जब्त करने के आदेश क्यों दिए गए? किसानों ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री से कई अन्य सवाल भी पूछे।

### पूर्व भाजपा विधायक रोहिता रेवड़ी कांग्रेस में शामिल

चंडीगढ़, 14 मई (ब्यूरो)।

हरियाणा में पानीपत सिटी से पूर्व भाजपा विधायक रोहिता रेवड़ी मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रोहतक में रोहिता रेवड़ी का कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा कि उनके आने से हलका पानीपत में कांग्रेस की पकड़ मजबूत होगी। पानीपत से 2014-2019 तक निर्वाचित विधायक रहीं रोहिता रेवड़ी ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी इसलिए छोड़ी क्योंकि उन्हें वहां 'उचित सम्मान ही नहीं मिल पाया।'

# भाजपा मुझसे डरती है, इसलिए जेल भिजवाया : केजरीवाल

## कुरुक्षेत्र के पिहोवा में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने किया रोड-शो

चंडीगढ़, 14 मई (ब्यूरो)।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार मुझसे डरती है, इसलिए उसने उन्हें जेल भिजवाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यह बात मंगलवार हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पिहोवा में एक रोड शो के दौरान कही। जमानत पर छूटने के बाद केजरीवाल का यह हरियाणा का पहला दौरा था।

पिहोवा में आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता के समर्थन में निकाले रोड शो में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि सोलह मार्च को चुनाव की घोषणा हुई और 21 मार्च को उन्होंने मुझे जेल भेज दिया। इसका मतलब है कि वे चाहते थे कि केजरीवाल प्रचार न करें। वे केजरीवाल से डरे हुए हैं।



पिहोवा में रोड शो के दौरान संबोधित करते अरविंद केजरीवाल।

केजरीवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार अपनी जमीन खो चुकी है। हरियाणा, राजस्थान में वे हार रहे हैं, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, प, बंगाल, दिल्ली, पंजाब में उनकी सीटें कम हो रही हैं।। केजरीवाल ने कहा, ह्यवे दावा करते हैं कि वे 400 सीटें जीतेंगे। आज मैं आपको लिखित रूप में बता सकता हूं कि वे 230 से अधिक सीटें नहीं जीत रहे हैं।' उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी पिहोवा में रिश्तेदारी है। आप पूछेंगे कैसे। मेरे छोटे भाई और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ससुराल वाले पिहोवा के हैं।' केजरीवाल ने कहा, 'उनके ससुर इंद्रजीत सिंह आज हमारे साथ हैं। यहां से एक भी वोट भाजपा को नहीं जाना चाहिए।' मान की पत्नी गुरप्रीत कौर पिहोवा के गांव की रहने वाली हैं।

### पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बोले

# पुंछ हमले पर चन्नी की टिप्पणी आचार संहिता का उल्लंघन

चंडीगढ़, 14 मई (ब्यूरो)।

**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी टिप्पणी को 'निंदनीय' बताया व कांग्रेस नेतृत्व से सैनिकों के अपमान के लिए माफी मांगने को कहा।**

पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) सिबिन सी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की पुंछ आतंकी हमले को एक 'चुनावी स्टंट' बताने संबंधी टिप्पणी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। बता दें कि हमले में भारतीय वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस मामले पर आगे की कार्रवाई के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग को पत्र लिख दिया है।

पंजाब के सीईओ सिबिन सी ने मंगलवार को बताया, 'जलंधर के जिला निर्वाचन अधिकारी की रपट के मुताबिक, चन्नी की टिप्पणी आचार संहिता का उल्लंघन है।'

जम्मू-कश्मीर के जिला पुंछ में बीती चार मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए हमले में एक सैनिक शहीद हो गया था जबकि चार अन्य घायल हुए थे।

इसी हमले के संदर्भ में पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में चन्नी ने कहा था, यह स्टंटबाजी हो रही है, हमले नहीं हो रहे। जब भी चुनाव आते हैं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिताने के लिए ऐसे 'स्टंट' किए जाते हैं। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने जलंधर में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया, भाजपा लोगों के जीवन और शरीर के साथ खेलना जानती है।'

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री की इस टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया और कई नेताओं ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने चन्नी की टिप्पणी को 'निंदनीय' बताया व कांग्रेस नेतृत्व से सैनिकों के अपमान के लिए देश वासियों से माफी मांगने को कहा। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने चन्नी के बयान को बेतुका और सैनिकों के प्रति अपमानजनक बताया।

चन्नी ने बाद में कहा था कि उन्हें देश के सैनिकों पर गर्व है, लेकिन वर्ष 2019 में पुलवामा के आतंकी हमले को लेकर केंद्र पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अब तक सरकार यह पता नहीं लगा पाई है कि हमला किसने किया था।

### सलमान के आवास के बाहर गोली चलाने का मामला

# हरियाणा से पकड़ा आरोपी मुंबई पुलिस की हिरासत में

मुंबई, 14 मई (भाषा)।

मुंबई की एक अदालत ने यहां पिछले महीने बालीवुड अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लारेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को 22 मई तक के लिए मुंबई पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान हरियाणा के फतेहाबाद के निवासी हरपाल सिंह (34) के रूप में हुई है और उसे मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने सोमवार शाम को उसके गृहनगर से पकड़ा था। मुंबई लाए जाने के बाद सिंह को यहां विशेष मकोका अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत से इस आधार पर 14 दिन की हिरासत मांगी थी कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और मामले में आरोपी की भूमिका तय करने के लिए गहन जांच की जरूरत है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि इस मामले में पहले गिरफ्तार एक अन्य आरोपी से पूछताछ में सिंह का नाम सामने आया। सुनवाई में विशेष न्यायाधीश बीडी शेल्के ने सिंह को 22 मई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। सिंह गोलीबारी कांड के सिलसिले में गिरफ्तार छठा आरोपी है। बांद्रा में 14 अप्रैल को गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के निवास के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोग गोलियां चलाने के बाद भाग गए थे।

# संविधान लेकर नामांकन करने पहुंचे तिवारी

चंडीगढ़, 14 मई (जनसत्ता)।

चंडीगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। संविधान की एक प्रति हाथ में लिए हुए भारी भीड़ के साथ मनीष तिवारी सेक्टर-17 में एसबीआइ भवन के सामने मैदान में पहुंचे। तिवारी ने उपायुक्त कार्यालय की ओर मार्च किया। उनके साथ आप प्रभारी एसएस अहलूवालिया, आप के महापौर कुलदीप कुमार आदि भी मौजूद थे।



चंडीगढ़ से इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार मनीष तिवारी ने नई सुबह का वादा करते हुए कहा कि हालात बदल गए हैं। भीड़ और उत्साह इस बात का संकेत है कि देशभर में स्थिति बदल गई है और देश चार जून को एक नई सुबह देखेगा। नामांकन के लिए कागजात के चार सेट दाखिल किए गए, जिनमें चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की, चंडीगढ़ के महापौर और आप नेता कुलदीप कुमार, आप नेता और तिवारी के करीबी चंदरमुखी शर्मा और चंडीगढ़ कांग्रेस नेता हरमेल केसरी ने एक-एक सेट दाखिल किया।

तिवारी के नामांकन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, टंडन ने कहा, 'मुझे बताया गया है कि 60 फीसद लोग लुधियाना और आनंदपुर साहिब से थे और चंडीगढ़ की कोई भीड़ नहीं थी। आप वाहनों से पता लगा सकते हैं... न तो कोई विश्वसनीय कांग्रेसी चेहरा था। वह सिर्फ बाहरी समर्थन पर भरोसा कर रहे हैं।'

# एक सप्ताह बाद भी नहीं पहुंची निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी की चिट्ठी

चंडीगढ़, 14 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा की भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने तीन निर्दलीय विधायक फिर से संदेह के दायरे में आ गए हैं। तीनों विधायकों का समर्थन वापसी पत्र एक सप्ताह बाद भी न तो राजभवन पहुंचा और न ही हरियाणा विधानसभा में इसकी कोई सूचना आई। ऐसे में विधायकों की समर्थन वापसी संदेह के घेरे में है। समर्थन वापसी का एक बार एलान करने के बाद तीनों विधायकों की ओर से इस बारे में कोई बयान भी नहीं दिया गया।

ज्ञातव्य है कि बीती सात मई को रोहतक में नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में निर्दलीय विधायक रणधीर गोलान, धर्मपाल गोंदर, सोमबीर सांगवान ने भाजपा से समर्थन वापसी का ऐलान किया था। इसके कुछ घंटे बाद ही तीनों विधायकों के हस्ताक्षरों वाला एक साझा पत्र सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था। इसके बाद तीनों विधायक शांत होकर घर बैठ गए।

एक सप्ताह बाद भी तीन निर्दलीय विधायकों का कांग्रेस को समर्थन वाला साझा पत्र अभी हरियाणा राजभवन नहीं पहुंचा। चौंकाने वाली बात यह कि तीनों निर्दलीय विधायकों ने पत्र भेजने के लिए जिस ई-मेल आइडी का इस्तेमाल किया था वह उनकी नहीं। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक, साझा पत्र विधायकों की ई-मेल आइडी के अलावा अन्य ईमेल आइडी से आया था, इसलिए राजभवन कार्यालय ने इस पर विचार नहीं किया। सूत्रों का भी कहना है कि उन्हें विधायकों द्वारा समर्थन वापस लेने की कोई सूचना नहीं मिली है।

*राज्यपाल के सामने पेशी जरूरी*

हरियाणा राजभवन के अधिकारी ने बताया कि अब विधायकों को या तो राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के सामने निजी तौर पर उपस्थित होना होगा या अपनी आधिकारिक ई-मेल आइडी से दोबारा साझा पत्र भेजना होगा। राजभवन में किसी निजी व्यक्ति या अन्य पार्टियों की आइडी से भेजे पत्र पर विचार नहीं किया जाता। राजभवन इस मामले में केवल विधायकों से सीधे प्राप्त होने के बाद ही आगे कार्रवाई करेगा।

# हिम्मत सिंह हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष बने

चंडीगढ़, 14 मई (जनसत्ता)।

हरियाणा में लोकसभा चुनाव के बीच सरकार ने बड़ा दांव खेल दिया है। कैथल के निवासी एवं वर्तमान में अतिरिक्त महाअधिवक्ता हिम्मत सिंह को सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लोकसभा चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए सरकार ने भारतीय निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है, जिसके मिलते ही आधिकारिक रूप से नियुक्ति हो जाएगी। कहा जा सकता है कि हिम्मत सिंह के हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष बनने के रूप में रोड़ जाति को सरकार में बड़ा प्रतिनिधित्व मिला है, जिसके कहीं न कहीं हरियाणा की राजनीति में अलग मायने होंगे।



करनाल व कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में रोड़ जाति का अच्छा खासा प्रभाव है और अब सरकार में रोड़ जाति का प्रतिनिधित्व होने से कहीं न कहीं माहौल सरकार के पक्ष में जाता नजर आने वाला है। हिम्मत सिंह गांव खेड़ी मटरवा, कैथल के रहने वाले हैं। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, से बीएएलएलबी और एलएलएम किया है। उन्होंने बतौर वकील 16 साल प्रैक्टिस की और वर्तमान में अतिरिक्त महाधिवक्ता, हरियाणा सेवाएं दे रहे हैं।

# राव इंद्रजीत की सभाओं से सिंचाई मंत्री की दूरी पर उठे सवाल

नारनौल, 14 मई (जनसत्ता)।

भाजपा का चुनाव प्रचार अभियान इन दिनों जोरों पर है, लेकिन भाजपा के अपने ही नेता आपसी खींचतान कर इस मुहिम की हवा निकालने में लगे हुए हैं। ऐसा ही नजारा सोमवार को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अटेली हल्के के ग्रामीण चुनावी जनसभाओं में देखने को मिला।

राव भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह के समर्थन में अपील करने आए थे, जिसमें नांगल चौधरी के विधायक व वर्तमान सिंचाई मंत्री अभय सिंह यादव नदारद रहे। राजनीतिक क्षेत्र में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं।

दक्षिणी हरियाणा में राव इंद्रजीत सिंह को बड़ा प्रभाव रहा है। वर्ष 1977 से 2014 तक राव इंद्रजीत सिंह ने कांग्रेस पार्टी में प्रदेश की राजनीति कर केंद्र सरकार में मंत्री बनकर अपनी जगह बनाई। यही कारण था कि भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव से पूर्व ही राव इंद्रजीत सिंह को अपनी पार्टी में शामिल कर अपनी कमजोर स्थिति को मजबूत कर लिया। राव इंद्रजीत ने लोकसभा चुनाव जीतकर प्रदेश में भाजपा में जान डाली।

वर्ष 2014 में हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव में राव इंद्रजीत सिंह ने कड़ी मेहनत की। इसका परिणाम रहा कि दक्षिणी हरियाणा में कई जगह भाजपा का कमल खिला। वहीं, अभय सिंह यादव हरियाणा सरकार में निचले स्तर से पदोन्नत होकर आइएएस से सेवानिवृत होकर इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का झंडा थामे हुए थे।

चौटाला ने अभय सिंह यादव को टिकट देने से इनकार कर दिया। टिकट कटने से निराश अभय सिंह यादव ने स्वामी रामदेव के प्रयासों से भाजपा की टिकट हासिल कर ली। तब राव इंद्रजीत सिंह ने भी अभय सिंह को खूब सहारा दिया और यादव चुनाव जीत गए।

मनोहर लाल हरियाणा के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने राव इंद्रजीत सिंह के समानांतर राजनीति करने के लिए नांगल चौधरी के विधायक अभय सिंह यादव को तरजीह देना शुरू कर दिया। हाल ही में भाजपा नीत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नवनिर्मित कैबिनेट में राव इंद्रजीत सिंह के करीब ओमप्रकाश यादव को मंत्री पद से हटाकर अभय सिंह यादव को मंत्री बना दिया गया था।

हाल ही में अलवर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव के प्रचार के लिए भाजपा के कई नेता जी जान से जुटे हुए थे। उनमें अभय सिंह यादव भी शामिल थे। भाजपा और संघ में भूपेंद्र सिंह यादव की मजबूत पकड़ रही है।

Ind-Swift

**Ind-Swift Laboratories Ltd.**

Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160 101
Ph: +0172-2730503, 2730920 | Website: www.indswiftlabs.com | CIN L24232CH1995PLC015553

STATEMENT OF STANDALONE & CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & YEAR ENDED 31ST MARCH 2024 (₹ in Lacs)

| PARTICULARS | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended 31.03.2024 | Quarter Ended 31.12.2023 | Quarter Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2024 | Year Ended 31.03.2023 | Quarter Ended 31.03.2024 | Quarter Ended 31.12.2023 | Quarter Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2024 | Year Ended 31.03.2023 |
| | Audited | UnAudited | Audited | Audited | Audited | Audited | UnAudited | Audited | Audited | Audited |
| Total Income | 40697.98 | 28339.62 | 27769.72 | 127263.15 | 118523.90 | 41858.54 | 29462.82 | 31445.26 | 132626.74 | 124081.01 |
| Profit(loss) before exceptional Items & Tax | 9656.40 | 2674.68 | 3647.12 | 19088.09 | 10584.56 | (1325.13) | 2419.40 | 4277.36 | 19516.73 | 11316.90 |
| Profit(loss) before Tax (After exceptional items) | 48315.40 | 2674.68 | 3647.12 | 57747.09 | 7919.78 | 37333.86 | 2419.40 | 1612.57 | 58175.72 | 8652.12 |
| Profit (+)/ Loss (-) after tax & before share of profit (loss) in Joint Venture | 34958.98 | 2165.47 | 3009.56 | 41839.01 | 4247.20 | 23887.21 | 1952.89 | (2504.61) | 42145.17 | 4783.08 |
| Net Profit /( Loss) for the period (after tax & Exceptional items) | 34958.98 | 2165.47 | 3009.56 | 41839.01 | 4247.20 | 23882.16 | 1941.88 | (2512.35) | 42096.16 | 4759.66 |
| Total Comprehensive Income for the Period | 34961.76 | 2165.47 | 2972.08 | 41804.31 | 4279.14 | 23884.94 | 1941.88 | (2480.42) | 42061.46 | 4791.60 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per Share) | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 |
| Reserves excluding revaluation reserves | | | | 86315.53 | 43213.39 | | | | 87237.12 | 43871.68 |
| Securities Premium Account | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 | 30731.01 |
| Net Worth | 92224.21 | 56036.52 | 49193.97 | 92224.21 | 49193.97 | 92224.21 | 56036.52 | 49193.97 | 92224.21 | 49193.97 |
| Debt Equity Ratio | 0.01 | 1.38 | 1.73 | 0.01 | 1.73 | 0.01 | 1.38 | 1.73 | 0.01 | 1.73 |
| EPS (of Rs. 10/- each) (Not annualised) (In Rs.) | | | | | | | | | | |
| Basic | 59.17 | 3.66 | 5.09 | 70.81 | 7.19 | 40.42 | 3.29 | -4.25 | 71.24 | 8.06 |
| Diluted | 59.17 | 3.66 | 5.09 | 70.81 | 7.19 | 40.42 | 3.29 | -4.25 | 71.24 | 8.06 |
| Debt service Coverage ratio | 5.76 | 2.5 | 1.66 | 5.76 | 1.66 | 5.76 | 2.5 | 1.66 | 5.76 | 1.66 |
| Interest Service Coverage Ratio | 6.41 | 3.34 | 2.89 | 6.41 | 2.89 | 6.41 | 3.34 | 2.89 | 6.41 | 2.89 |

Note- (1) The above Audited standalone & Consolidated financial results for the quarter & Year ended March 31, 2024 of Ind-Swift Laboratories Limited (the Company) have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on May, 13 2024. (2) The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated Audited financial results for the Quarter & Financial Year ended March 31, 2024 filed with the stock exchanges under Regulation 33 & 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated Financial Results for the Quarter & Financial Year ended March 31, 2024 are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.indswiftlabs.com.

For **Ind-Swift Laboratories Limited**
Sd/-
**N R Munjal**
**Chairman and Managing Director**

**Place: Chandigarh**
**Date: 13.05.2024**